# राजस्व पर्षद, बिहार, पटना

संoसंo—02 / परीo—01(राजo)—37 / 2017— 1658

प्रेषक,

मुकेश प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सेवा में,

प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना।
प्रधान सचिव, पर्यावरण एवं वन संरक्षण विभाग, बिहार, पटना।
प्रधान सचिव, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, बिहार, पटना।
महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएं, गृह विभाग, बिहार, पटना।
प्रधान सचिव, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, बिहार, पटना।
प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना।
मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना।
प्रधान सचिव, मद्य निषेद, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार, पटना।
प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांकः— 17-07-2018

विषयः— राजस्व पर्षद, बिहार द्वारा राजपत्रित पदाधिकारियों / अराजपत्रित कर्मियों हेतु नये पाठ्यक्रम के अनुरूप Computer Baesd Test (Online) हेतु आपके विभाग से संबंधित विशेष प्रश्न पत्रों के संकलन के संबंध में।

प्रसंग— पर्षदीय पत्रांक—1255, दिनांक—25.05.2018 एवं पर्षदीय पत्रांक—1455 दिनांक—18.06.2018

महाशय,

आप अवगत हैं कि विभागीय परीक्षाएँ जून 2018 से Computer Based Test के माध्यम से संपन्न की जा रही है, इस संदर्भ में विषयांकित परीक्षा के लिए प्रत्येक विषय / पत्र हेतु 3000 (हिन्दी व अंग्रेजी) प्रश्नों का प्रश्न अधिकोष का निर्माण कराया जा रहा है। प्रश्न अधिकोष में नये प्रश्नों को जोड़ना एवं इसकी गुणवत्ता में सुधार लाना एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है, खासकर किसी विशेष विभाग के लिए जो विशेष प्रश्न पत्रों का अधिकोष तैयार किया गया है, उसके Updation में संबंधित विभाग का सहयोग आवश्यक है।

इसके लिए दिनांक—24.05.18 एवं दिनांक—27.06.2018 को माननीय अपर सदस्य, राजस्व पर्षद की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न की गयी। इस बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा यह आश्वस्त किया गया था कि प्रश्नों का संकलन किया जा

e:\ajay1\sir letter.doc

रहा है एवं शीघ्र ही एक हजार का अतिरिक्त प्रश्न अधिकोष (हिन्दी व अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में) तैयार कर राजस्व पर्षद, बिहार में समर्पित कर दिया जाएगा। किन्तु चिन्ता की बात है कि काफी समय व्यतीत हो जाने के बावजूद भी अधिकांश पदाधिकारियों द्वारा वांछित तत्परता प्रदर्शित नहीं की गई।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि अपने विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को प्रश्न संकलन कर दिनांक–27.07.2018 से पूर्व राजस्व पर्षद में समर्पित करने हेतु निदेशित किया जाय एवं साथ ही मा0 अपर सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–27.07.2018 को अप0–4.00 बजे होनेवाली बैठक में भाग लेने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

ह0/-

संयुक्त सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 2/परी0–01 (परी0)–37/2017–1658 दिनांक– 17-07-2018

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

संयुक्त सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

e:\ajay1\sir letter.doc